## खबर संक्षेप



### चोरी की बाइक बरामद, आरोपित को पकड़ा

**कटनी।** मोटर साइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही चौकी प्रभारी उ.नि. प्रियंका राजपूत के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 9 जून को संजय दुबे निवासी ग्राम मतवारी ने चौकी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 6 जून को मो.सा. क्रं. एम.पी. 21 एम.ई. 9164 से पीरबाबा हनुमान जी के मंदिर आया था। मंदिर के पास से मेरी मो.सा. को कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बी.एन.एस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । दौरान विवेचना चोरी गई बाइक एवं आरोपी की तलाश की गई। 24 घन्टे के अन्दर आरोपी के कब्जे से बाइक बरामद की गई। आरोपी महेन्द्र चौधरी पिता मंगीराम चौधरी 23 वर्ष निवासी ग्राम पडुआ थाना माधवनगर को गिरफ़्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे न्यायालय कटनी पेश किया गया। कार्यवाही में स.उ.नि. शशिभूषण सिंह, आर. वीरेन्द्र सिंह सैनिक अक्षय पान्डेय की भूमिका रही।

### तीन स्थलों पर 12 जून से 30 जुलाई तक रहेगा वन-वे

**कटनी।** शासन निर्देशों के परिपालन में नगर पालिक निगम कटनी क्षेत्रातर्गत विभिन्न स्थलों में सीवर लाईन विस्तार का कार्य प्रगतिरत है। नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर मार्ग पर सीवर लाईन विस्तार के कारण तीन स्थलों पर गुरूवार 12 जून से 30 जुलाई तक मार्ग परिवर्तित रहेगा। जिसके चलते जबलपुर मार्ग के तीन स्थलों में उक्त तिथियों के बीच वन-वे से आवागमन किया जायेगा। प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी अनुसार डन कॉलोनी से कटाएघाट गेट तकं 398.3 मीटर लंबाई एवं 6.15 मीटर गहराई पर 500 एमएम की पाईपलाईन कर विस्तार कार्य किया जाना है। इसी प्रकार बरगवां मित्तल मॉल के सामने 425.8 मीटर लंबी एवं 6.25 मीटर गहराई पर 400 एमएम डाया की पाईपलाईन विस्तार किया जाना है। जबकि बिलहरी मोड से झिंझरी गुरूकुल स्कूल रोड पर 476.3 मीटर लंबी एवं 4.75 मीटर गहराई पर 170 एम.एम डाया पाइपलाईन का विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के चलते गुरूवार 12 जून से 30 जुलाई तक उपरोक्त स्थलों में वाहनों का आवागमन एक ओर से विधिवत संचालित रहेगा।

### दो वार्डों में फागिंग मशीन से किया गया छिड़काव

**कटनी।** ग्रीष्म ऋतु के दौरान मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किए जाने हेतु निर्धारित कैलेंडर अनुसार कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में विगत दिवस बी.डी.अग्रवाल वार्ड क्रमांक 25 एवं मदन मोहन चौबे वार्ड क्रमांक 27 में दो ई रिक्शा में फागिंग मशीनों के माध्यम से छिड़काव कार्य किया गया। नगर निगम द्वारा निर्धारित फागिंग कैलेंडर अनुसार वार्ड क्रमांक 25 स्थित सिंघई कॉलोनी की विभिन्न गलियों, व्हीआईपी मार्ग, गणेश चैक, अल्फर्ट गंज की समस्त गलियों, मधई मंदिर मार्ग, लल्लू भैया की तलैया क्षेत्र, मधई बगीचा, स्टेश रोड मुख्य मार्ग, सहित वार्ड क्रमांक 27 मदन मोहन चौबे वार्ड की विभिन्न गलियों दुर्गा मंदिर के पास बस्ती, आनंद विहार कॉलोनी, बंधवा टोला, डन कॉलोनी की समस्त गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए का छिड़काव किया जाकर नागरिकों को मच्छरों से प्रकोप से निजात दिलानें की कार्यवाही की गई।

---

**एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम हीरापुर कौड़िया क्षेत्र का मामला, अवैध पैकारी सील**

# शराबखोरी में प्रौढ़ को उतारा मौत के घाट आक्रोशित ग्रामीणों ने कर दिया चकाजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब पीने के दौरान दो व्यक्तियों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। वाद विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक आ गई। एक ने दूसरे पर इतना तगड़ा हमला किया कि उसकी जान चली गई। यह खूनी विवाद एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम हीरापुर कौंडिया क्षेत्र में हुआ। मृतक की पहचान घनश्याम कोल 54 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में अशोक बर्मन को गिरफ्तार किया है।

एनकेजे थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि घटना मंगलवार की रात की है। दोनों शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि अशोक बर्मन ने घनश्याम कोल के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे घनश्याम को गंभीर चोटे आई। परिजन उसे इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय में लाये। इलाज के दौरान घायल घनश्याम ने दम तोड़ दिया। मौत हो जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने कागजी कार्यवाही कर मृतक का शव परीक्षण कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए आरोपी मनोज बर्मन को गिरफ्तार कर लिया।

### लोगों ने किया चकाजाम

पूछताछ के दौरान पता चला कि शराब को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। गुस्से में दोनों ने आपस में मारपीट शुरू कर दी जिसमें घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट में लहूलुहान घनश्याम ने चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वही प्रौढ़ की मौत के बाद गांव के लोगों ने जमकर आक्रोश व्याप्त हो गया। बुधवार को सड़क पर मृतक का शव रख क़र लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण सख्त कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों द्वारा हीरापुर कौंडिया मुख्य मार्ग पर चकाजाम किये जाने की सूचना मिलने पर नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया सहित एनकेजे पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझाईश दी गईं जिसके बाद आक्रोश शांत हुआ। इसके साथ अवैध पैकारी भी सील कर दी गई है।

गौरतलब है कि शहर से लेकर उप नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों में शराब की अवैध पैकारियां बेरोकटोक चल रही है। पुख्ता जानकारी होने एवं शिकायतों के बाद भी पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है।

---

# देवरी हटाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में गुरुवार 12 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में गुरूवार 12 जून को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरूवार 19 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में, गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

---

**सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं के लगाए गए आरोप**

# मुरूम के अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर जांच करने पहुंचे अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत पोडी कला बी से ग्राम मुरवारी तक आरआईएस विभाग के द्वारा सुदुल सड़क निर्माण किया जा रहा है जिसमें 32 लाख 49 हजार की लागत से निर्माण कराया जा रहा है। मुरवारी निवासी अशोक कुमार पांडे के द्वारा सड़क निर्माण में अनियमिताओं की शिकायत अधिकारियों से की गई। बताया गया है की शिकायत करने के बाद ठेकेदार के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है मामला संज्ञान में आने के बाद जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र करी और सहायक यंत्री अजय केसरवानी नवनिर्मित सड़क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में जगह-जगह पर पुलिया निर्माण की बात रखी जिससे सड़क पर पानी का भरव ना हो सके और सड़क निर्माण पर सूचना पटल न लगाने के संबंध में शिकायत की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिना अनुमति के मुरुम का खनन ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से किया जा रहा है। जनपद पंचायत सीईओ ने निरीक्षण के पश्चात अव्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। इसी दौरान ग्राम पंचायत पोंडी कला बी के रोजगार सहायक अजय त्रिपाठी से जानकारी ली गई जिससे निर्माण कर में आसानी से किया जा सके। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच अजय पटेल अशोक पांडे अज्जू पटेल आदि अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

इस संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा यजुबेंद्र कोरी का कहना है कि सड़क निर्माण में ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त हुई थी मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया जा रहा है विभाग से एस्टीमेट की जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी और अगर निर्माण में लापरवाही की जा रही है तो वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

---

## अवैध कालोनी निर्माण पर नगर निगम ने की कार्यवाही



बाल गंगाधर तिलक वार्ड में अवैध कॉलोनी संबंधी प्राप्त शिकायत को नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा संज्ञान में लेते हुए निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह को स्थल का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करनें के दिए निर्देशों के परिपालन में मंगलवार को अतिक्रमण विभाग द्वारा अवैध कॉलोनी में निर्मित कराई जा रहीं कच्ची संरचना को अलग करने की कार्यवाही की गई। इस संबंध में अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि निगमायुक्त के निर्देश के पालन में विगत दिवस बाल गंगाधर तिलक वार्ड में राज पैलेस के पीछे जांच उपरांत स्थल पर गुलाम उर रहमान एवं अन्य के द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जाना पाया गया। जिस पर अतिक्रमण दल की टीम द्वारा स्थल से रोड निर्माण कराये जाने हेतु निर्मित संरचनाओं को जे.सी.बी मशीन के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई।

---

# भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों का अवकाश एक सप्ताह बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र में मौसम के लेट होने के कारण नौतपा की तपिश का प्रभाव वर्तमान में दिखायी दे रहा है । ग्रामीण तो ग्रामीण शहरी क्षेत्रों में भी विद्युत कनेक्शन एवं हैण्डपंप तो अधिकांश विद्यालय में हैं, परन्तु न तो पूरे समय विद्युत का प्रवाह रहता है और न ही हैण्डपंपों में पानी है ।

इन स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय शिक्षक संगठन के प्रान्ताध्यक्ष राकेश दुबे ने संचालक लोकशिक्षण संचालनालय गौतम नगर भोपाल मध्यप्रदेश सहित प्रदेश के समस्त कलेक्टरों को पत्र लिख कर यह अनुरोध किया है कि यह विषम स्थिति बच्चों के लिए कष्टदायक तो होगी ही, उनकी उपस्थिति भी प्रभावित होगी और बिना बच्चों के इस भीषण गर्मी में पानी और बिजली की अनुपलब्धता के साथ शिक्षकों को सारा दिन विद्यालय में बैठाये रखना भी औचित्यहीन है । वर्तमान में एफएलएन सहित अनेक प्रशिक्षण भी चल रहे हैं, जिससे भी पूरे शिक्षक विद्यालय में नहीं पहुंच पा रहे हैं ।

संगठन ने कटनी शहर के माध्यमिक शाला पहरूआ का उदाहरण देते हुए बताया कि शहरी क्षेत्र का विद्यालय होने के बावजूद भी वहां शिक्षकों को बॉटल का पानी खरीद कर पीना पड रहा है या फिर सडक पार करके हैण्डपंप से पानी लेने जाते हैं, शिक्षक तो फिर भी यह कर सकते हैं, परन्तु तेज वाहनों के चलते जब विद्यालय में पानी के अभाव के कारण बच्चे सडक पार करके पानी लेने जाएंगे, तब यह सीधे-सीधे दुर्घटना को आमंत्रित करने वाला होगा।और यह केवल उदाहरण मात्र है, यह स्थिति अनेक विद्यालयों में है, ग्रामीण विद्यालयों में स्थिति और भी ज्यादा कष्टदायक है।

शासकीय शिक्षक संगठन के जिला संयोजक देवेन्द्र तिवारी, अध्यक्ष रजनीश तिवारी , प्रदेश संगठन मंत्री मनीष सिंह गौतम, अवधेश पाण्डेय आदि पदाधिकारियों ने उपरोक्त परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों का अवकाश एक सप्ताह और बढाने तथा वर्तमान में शिक्षकों के लिए शाला समय प्रातःकालीन करने के निर्देश जारी करने की मांग की है ।

---

**विशेष दल गठित कर कराया जा रहा है ई केवायसी का कार्य**

# ई केवायसी नहीं कराने पर शासकीय योजनाओं का नहीं मिल पाएगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम सीमान्तर्गत नागरिकों की समग्र पोर्टल मे समग्र आई.डी का आधार नंबर से शत-प्रतिशत ई-के.वाय.सी. का कार्य पूर्ण कराने हेतु निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन में अभियान स्वरूप कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा बुधवार को क्रमांक 1 से 15 व 16 से 30 सहित 31 से 45 वार्ड इस कार्य में संलग्न दल के कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए है।

नोडल अधिकारी श्री पाठक ने दल के कर्मचारियों को आपस में संपर्क स्थापित करते हुए क्षेत्र के विभिन्न वार्डों मे डोर-टू- डोर जाकर नागरिकों से संपर्क करते हुए समग्र ई-केवाईसी का कार्य निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र से आधार लिंक कराने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

राज्य शासन के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस अभियान के दौरान जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है। नोडल अधिकारी जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया है कि अभियान के अन्तर्गत निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा ई केवायसी कार्य हेतु विशेष दल का गठन किया गया है, गठित दल द्वारा प्रत्येक वार्डों में डोर टू डोर जाकर नागरिकों एवं परिवार के सदस्यों की ई केवायसी का कार्य किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी श्री पाठक ने नगर के सभी नागरिकों से शासन द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। अन्यथा की दशा में नागरिको द्वारा ई-केवायसी नहीं कराये जाने पर उनका नाम पोर्टल से पृथक होने के कारण विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

---

**कलेक्टर कर रहे भुगतान और परिवहन की नियमित समीक्षा**

# जिले के किसानों को अब तक हुआ 361 करोड़ रूपये का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 1 लाख 39 हजार 381 मीट्रिक टन रिकॉर्ड गेहूँ समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। जबकि बीते साल इसी अवधि में 1 लाख 18 हजार 35 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया था। इस प्रकार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में पिछले साल की तुलना में 118 फीसदी से अधिक गेहूँ की खरीदी हुई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को सभी किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान करानें और उपार्जित गेहूँ का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव द्वारा उपार्जित गेहूँ का किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने की जा रही निरंतर समीक्षा की वजह से अब तक 361.44 करोड़ रूपये का किसानों को भुगतान किया जा चुका है। शेष लंबित राशि का भी भुगतान किसानों को जल्दी ही सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर श्री यादव ने दिए हैं। कलेक्टर ने समिति स्तरीय और गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों में लंबित गेहूँ के परिवहन कार्य में तेजी लाने अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिले में इस वर्ष 2425 रूपये प्रति क्विंटल और 175 रूपये बोनस राशि को मिलाकर किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल के मान से गेहूँ की खरीदी की गई। जबकि पिछले साल 2400 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन किया गया था।

### गेहूँ उपार्जन में बहोरीबंद तहसील रहा अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी रहा। यहां इस वर्ष 5115 कृषकों से 34 हजार 523 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर रहा। जहां 4767 किसानों से 28 हजार 787 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील रही। जहां 2884 किसानों ने 20 हजार 699 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर रहा। जहां 2002 किसानों ने 15 हजार 14 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर रहा। जहां के 1819 किसानों ने 11 हजार 148 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की। वहीं कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर संयुक्त रूप से छठवें स्थान पर रहा। जहां 1500 किसानों ने 10 हजार 792 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की। जबकि बड़वारा तहसील सातवें पायदान पर रही। जहां इस वर्ष 1520 किसानों ने 9 हजार 239 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की। जबकि बरही तहसील के 1554 किसानों ने 9 हजार 178 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। इस प्रकार बरही गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर रहा।

---

# लापरवाह चालक को एक साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर दो लोगों चोटिल करने वाले एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर डेढ़ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण में पैरवी एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने किया।प्रकरण करीब 8 साल पुराना है।

एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने बताया कि 15 फरवरी 2017 को शाम करीब सवा आठ बजे उमरियापान थाना क्षेत्र के मूलचंद लोधी और रामगोपाल लोधी दोनों साइकिल से डूंडी गांव जा रहे थे। स्लीमनाबाद रोड़ में पंप हाउस के पास मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एमएफ 8873 से आ रहे उमरियापान निवासी रत्नेश पिता गरिजानंदन चौरसिया (42)ने सामने से टक्कर मार दी। घटना में दोनों को चोटें पहुचीं। पीड़तिों ने घटना की शिकायत उमरियापान पुलिस थाने में की थी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279,337,338 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली। मामला न्यायालय में चल रहा था। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी रत्नेश चौरसिया को धारा 337 के अपराध में 6 माह का सश्रम कारावास और 5 सौ रुपए जुर्माना एवं धारा 338 के अपराध में एक वर्ष का सश्रम कारावास और 1 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय ने मारपीट करने वाले दो आरोपियों पर लगाया जुर्माना

**उमरियापान।** मारपीट के दो अलग अलग मामलों में भी न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने दो अलग-अलग आरोपियों को न्यायालय उठने तक का कारावास और डेढ़-डेढ़ हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोनों प्रकरण साल 2017 के है। एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने बताया कि पप्पू उर्फ लखन दाहिया ने (48)इटवां निवासी ने अपने पड़ोसी प्रदीप को खेत में सिंचाई करने के लिए पाइप से पानी लेने को लेकर मारपीट कर दिया। वहीं उमरियापान थाना क्षेत्र के बिछिया निवासी नरेश गौंटिया( 60) ने शरद को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ितों न की शिकायत पुलिस थाना में दर्ज कराई।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ किया कार्रवाई

**उमरियापान।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों के खिलाफ उमरियापान पुलिस ने कार्रवाई किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि वाहन चैकिंग के दौरान यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले राहुल पिता कैशव प्रसाद साहू निवासी बंधी धूरी, सूरज सिंह पिता प्यारे लाल नायक निवासी गोहरगंज जिला रायसेन,अर्जुन पिता रवि कोल निवासी ग्राम इटवा और सुनील पिता राममिलन चौधरी निवासी देवरी मंगेला के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

### जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्रवाई

**कटनी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जनधन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिये कहा है। आयुक्त नगरीय प्रशासन ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है।

### पारदर्शी एवं त्वरित सेवा के लिए योजना

**कटनी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगर पालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है।

### बड़वारा पुलिस ने विलायता क्षेत्र में तो स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम पड़वार में दी दबिश

# तस्करों एवं कच्ची शराब बनाने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब के अवैध कारोबार एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध नवागत पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के सख्त निर्देशों के बाद अब थानों की पुलिस थोड़ी चौकस नजर आ रही है। शराब की तस्करी एवं अवैध निर्माण करने वालों के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही की है। हालांकि पुलिस की छुटपुट कार्यवाही नाकाफी है। जिले में जितने बड़े पैमाने पर ठेकेदारों ने अपना नेटवर्क फैला रखा है उस हिसाब से पुलिस की कार्यवाही महज खानापूर्ति तक ही सिमटी नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि पुलिसिया कार्यवाही महज छुटभैयों तक ही सीमित है जबकि माफियाओं और ठेकेदारों को अभयदान मिला हुआ है।

बड़वारा क्षेत्र में हुई कार्रवाई

बड़वारा पुलिस ने कच्ची शराब बनाने वाले ठिकाने में दबिश देकर कार्यवाही की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा निर्देशों के बाद की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री, निर्माण करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। अधिकारियो के मार्गदर्शन में बुधवार को सउनि महेश प्रताप सिंह व हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त होने पर ददरी मोहल्ला विलायतकला मे रेड कार्रवाई की गई। जहां एक व्यक्ति दो गुम्मो में करीब 25 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती करीब 2500 रूपये का शराब लिये मिला। आरोपी अरविन्द सिंह पिता स्व० उदय सिंह गोड उम्र 58 साल निवासी ग्राम विलायतकला रमगढा मोहल्ला थाना बडवारा जिला कटनी म.प्र. के विरुद्ध थाना बड़वारा में धारा 34(1) आब एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मौके पर 40 प्लास्टिक के डिब्बों में भरा महुआ लाहन कुल 450 कि.ग्रा. कीमती 50 हजार रुपये एवं शराब निर्माण भट्टी नष्ट की गयी।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर वीरेन्द्र चढ़ार, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर. आशीष तिवारी, आर. बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

### दो ठिकानों में दबिश देकर जब्त की गई 135 पाव शराब

इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने अवैध शराब के व्यापार में लिप्त दो आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर अवैध शराब जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया।

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के द्वारा अवैध व्यापार एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं।

मुखबिर की सूचना पर गत दिवस दो ठिकानों पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के द्वारा ग्राम पड़वार से आरोपी राजकुमार पिता महेश प्रसाद जायसवाल निवासी पड़वार के कब्जे से 80 पाव लाल देशी मदिरा कीमती 8000 रूपये एवं ग्राम जुजाबल से बबलू पिता जगदीश सिंह ठाकुर निवासी जुजाबल के कब्जे 55 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 5500 रुपए की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी गयी। जिनके विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।





कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, सउनि सतीश जाटव, आर. विशाल शिवहरे, सोने सिंह की अहम रही।

### अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए सजगता एवं जानकारी ही उपाय

**कटनी।** शहर के औद्योगिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में आये दिन होने वाली आगजनी की दुर्घटना के दौरान होने वाली संभावित जन-धन की हानि एवं आस - पास के सार्वजनिक क्षेत्रों में आग फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने शहर के समस्त व्यावसायिक एवं अन्य क्षेत्र में कार्यरत नागरिकों से आगजनी दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी रखने एवं जागरूक रहने को कहा है। ताकि ऐसी दुर्घटनाओं के दौरान उनसे होने वाले संभावित नुकसानों से बचा जा सके। इसके लिए कटनी नगर निगम द्वारा समय-समय पर जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। निगमायुक्त श्री दुबे के निर्देश पर पूर्व में नगर के सभी होटल, अस्पताल, स्कूल, मैरिज गार्डनों आदि का निरीक्षण किया जाकर सभी को फायर एन.ओ.सी प्राप्त करनें के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि घर बनाते समय अग्नि से सुरक्षा रखने की आवश्यकता है। आग लगने पर तत्काल इसका समाधान करने पर आग बढ़ेगी नहीं और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान हो जाएगा। बहुत से ऐसे कारण होते हैं, जिसके कारण आग लगती है, फिर उसे नियंत्रित करना कठिन होता है।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने ननि का महत्वपूर्ण कदम

# नगर के वार्डो में 2.45 करोड़ की लागत से कराये जाएंगे विभिन्न विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन के माध्यम से प्राप्त अनुदान के माध्यम से नागरिकों को मूलभूत सुविधांए सहित अधोसंरचा विकास कार्य मुहैया कराकर नगर का एकरूपता के साथ विकास किये जानें हेतु नगर निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टित रखते हुए नगर में विकास कार्यो का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत नगर के विभिन्न वार्डो में सामुदायिक भवन, सुगम आवागमन हेतु सड़क तथा सुचारू जलनिकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो हेतु 2 करोड़ 45 लाख 16 हजार 565 रूपये की लागत से विकास कार्य कराएं जाएंगे।

नगर निगम द्वारा जारी निविदा अनुसार दो वार्डो को सामुदायिक भवन की सौगात प्रदान की जायेगी। जिसके तहत रधुनाथ गंज वार्ड क्रमांक 23 में 53 लाख 8 हजार 453 रुपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं प्रसाधन का निर्माण कराया जायेगा तो वहीं राम निवास सिंह वार्ड स्थित हरिजन बस्ती में 13 लाख 90 हजार 239 रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। बाबा नारायण शाह वार्ड में 25 लाख 37 हजार 186 रुपये की लागत से रोहरा बाल मंदिर के भवन का नव निर्माण कराया जायेगा। वहीं जालपा देवी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में 13 लाख 30 हजार 869 रुपये की लागत से टाइल्स आदि लगाने के कार्य सहित रामनिवास सिंह वार्ड में 11 लाख 33 हजार 914 रुपये की लागत से रामलीला मैदान में रैलिंग कोटा एवं आवश्यक मरम्मत कार्य भी शामिल किया गया है।

### निर्माण एवं मरम्मत कार्य

नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जारी निविदा में शिवाजी वार्ड में मुस्लिम कब्रिस्तान से दुर्गेश कुशवाहा के घर तक 15 लाख 17 हजार 460 रूपये की लागत से नवीन आर.सी.सी रोड निर्माण तथा वीर सावरकर वार्ड में संतोषी माता मंदिर से संजू बंगाली के निवास तक 14 लाख 38 हजार 427 लाख रूपये की लागत से सड़क मरम्मत एवं सुधार कार्य भी शामिल किया गया हे।

विभिन्न वार्डो में सुगमता से जल निकासी की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न चार वार्डो में 86 लाख 12 हजार 518 रूपये से नाली निर्माण कार्य होंगे। इन वार्डो में इंदिरा गांधी वार्ड, पंडित दीनदयाल वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में, विवेकानंद वार्ड स्थित साउथ स्टेशन एवं मेन रोड तक दोनों ओर सहित विश्राम बाबा वार्ड में झिंझरी पशु चिकित्सालय से गैस गोदाम मार्ग में सी.सी नाली का निर्माण कराया जायेगा। वहीं जय प्रकाश वार्ड में 12 लाख 47 हजार से नाला रिपेयरिंग वाल का निर्माण कराया जाना शामिल है।

### कबीर जयंती पर कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन



महान संत सतगुरू कबीर साहब की जयंती के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित कबीर मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की भी देखने को मिली। सुबह मंदिर में सबसे पहले आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भजनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात झंडा चढ़ाया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सबसे पहले कन्याभोज का आयोजन किया गया। कन्याभोज के बाद आम भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सखारामजी कोरी, चम्मूलाल कोरी, राजेन्द्र कोरी, अवधेश दाहिया, ऊदल कोरी, दुर्जन लोधी, शिवकुमार कोरी, आनंदराम कोरी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की गई जिलाबदर की कार्यवाही

### 3 माह की अवधि के लिए किया जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कारसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने रघुनाथगंज वार्ड कटनी निवासी मयंक रैकवार पिता राजेश रैकवार उम्र 24 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिएजिले की राजस्वक सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

### आचरण में नहीं सुधार

कलेक्टर श्री यादव ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। मयंक रैकवार के विरूद्ध वर्ष 2022 से अब तक की अल्पि अवधि में ही 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है जिनमें अवैध वसूली करना, गाली-गलौज एवं मारपीट करना, चाकूबाजी करना, अवैध शस्त्रा कब्जें में रखना, जान से मारने की धमकी देना, विस्फोकटक पदार्थ कब्जें में रखना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्याक्तियों को जातिगत रूप से अपमानित करना एवं आमजन की संपत्ति में तोड़-फोड़ कर नुकसान पहुंचाना जैसे मामले पंजीबद्ध है।पुलिस के द्वारा मयंक रैकवार के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी मयंक के आचरण व्यावहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

मयंक की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी मयंक को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वत सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नास एवं उमरिया जिले की राजस्वन सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

किसान संघ ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# किसान संघ ने किया विरोध प्रदर्शन, जल्द खरीदी चालू नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

सरकार के द्वारा घोषणा की गई थी ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उड़द की खरीदी सरकार के द्वारा नहीं की जाएगी इसको लेकर किसानों को चिंता सताने लगी किसानों ने इस निर्णय के विरोध में भारतीय किसान संघ के द्वारा हनुमान मंदिर के पास एकत्रित होकर नारेबाजी की गई और तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम निधि गोहल को ज्ञापन सौंप कर जल्द खरीदी चालू करने की मांग की है किसान संघ ने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर जल्दी खरीदी चालू नहीं होती है तो किसान धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे और भारती किसान संघ किसानों के हित के लिए तत्पर है भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सतीश ज्योतिषी ने कहा कि किसान के द्वारा दिन-रात मेहनत कर इस भीषण गर्मी में मुंग उड़द की फसल तैयार की जाती है और किसने की यह सबसे महंगी फसल है जिसको तैयार होने में तो दो माह लगते हैं लेकिन देखरेख मेहनत पैसा किसानों का दोनों ही लगता है जिसके बाद यह फसल तैयार की जा रही और सरकार के द्वारा मूंग उड़द की खरीदी ना होने से बाजार में व्यापारियों के द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है एवं सस्ते दामों में फसल खरीदने से किसानों आर्थिक नुकसान होगा फसलों में लागत बहुत ही ज्यादा लगती है खरीदी बंद होने से किसान भाई बहुत परेशान है भारतीय किसान संघ ढीमरखेड़ा की ओर से किसान हित में उड़द एवं मूंग की शासकीय उपार्जन केंद्र मांग की है जिससे किसान व्यापारियों के शोषण से बच सके क्योंकि उड़द का समर्थन मूल्य शासन द्वारा 7400 प्रति क्विंटल है और मंडी में अधिकतम मूल ₹6000 प्रति क्विंटल किसानों से खरीदा जा रहा है जिससे किसानों को 1400 रुपए प्रति क्विंटल पर नुकसान हो रहा है एवं मूंग का समर्थन मूल्य 8650 है जबकि मंडी में अधिकतम खरीदी मूल्य ₹6500 से लेकर 7000 प्रति कुंतल खरीद जा रहा है जिससे किसानों को 1600 से 2000 प्रति कुंटल का नुकसान हो रहा है जिससे किसान की लागत भी नहीं निकल पा रही है।



### जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत आदि हेतु सौपे दायित्व

# बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें की पूर्व तैयारियां दुरूस्त करने दिये आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन निर्देशों के अनुपालन में आगामी मानसून सत्र के दौरान बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें तथा जान-माल की क्षति को कम करनें के उद्धेश्य से पूर्व से तैयारियां कर अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति में निचली बस्तियों मे जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत आदि कार्य व्यवस्था के संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी किया जाकर अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौपे गए है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु विभागीय कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु श्री शैलेष गुप्ता उपायुक्त को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, सुधीर मिश्रा प्रभारी कार्यपालन यंत्री एवं जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को सहायक बाढ़ नियंत्रण व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा बाढ़ आनें अथवा निचली बस्तियों में पानी भराव की स्थिति से निपटनें की कार्यव्यवस्था हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपें जाकर बाढ़ प्रकोष्ठ तैयार करनें, शासन एवं प्रशासन द्वारा चाही गई जानकारी तैयार कराना, आपदा प्रबंधन कक्ष में बाढ़ आपदा सामग्री का भंडारण सुनिश्चित करनें, आपदा राहत कार्यो में सहयोगी सामाजिक संस्थाओं, व्यक्तियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता को प्रभारी नियुक्त कर सहयोगी के रूप में 5 अधिकारियों सहायक यंत्री स्वास्थ्य अधिकारी प्रभारी फयर नियंत्रण अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को दायित्व दिया है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मुनादी करानें, कच्चे पुराने जीर्ण शीर्ण एवं जर्जर भवनों का सर्वे कर चिन्हित कर नोटिस जारी करना, जी प्लस टू एवं इससे अधिक उंचाई वाले भवनों में तडित संचालक यंत्र की स्थापना हेतु सूचना पत्र जारी करना, बिल्डिंग बायलॉज एवं अग्नि सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित करनें, वर्षा काल के दौरान भवन गिरनें की स्थिति में राहत और बचाव की संपूर्ण कार्यव्यवस्था सुनिश्चित करनें सहित नदी घाटों पर बेरिकेडिंग करानें हेतु प्रभारी अधिकारी कार्यपालन सुधीर मिश्रा को नियुक्त कर सहयोगी के रूप में कर्मचरियों की डयूटी लगाई गई है।

निगमायुक्त नें अधिकारियो को प्रभार क्षेत्र के वार्डों में राहत स्थलों का चिन्हांकन तथा प्रभावितों को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करने,नदी घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवाना एवं प्रभार क्षेत्र के वार्डो में आने वाले बाढ़ राहत केन्द्रो में आवश्यक व्यवस्थाएँ कराने, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में लोगों को संकट से सचेत और सावधान रहने के लिये सतर्क करना और उनमें जागरुकता लाने, नदी किनारे की बस्तियों क्षेत्र, जहां पूर्व में बाढ़, जलप्लावन की स्थितियां निर्मित हुई थी, वहां पर पूर्व अनुभवों के आधार पर विशेष व्यवस्था करने, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों के मरम्मत, पुर्ननिर्माण, रख-रखाव की कार्यवाही कर सड़कों की स्थिति की समीक्षा किए जाने के साथ-साथ स्थानीय गोताखोरों की सूची तैयार करने,सभी खदानों के आस-पास के 02 तैराकों को सूचीबद्ध कर उन्हें जिला कमांडेंट से आवश्यक प्रशिक्षण की दिलाने की कार्यवाही करने, कटनी नदी के घाटों- गाटरघाट, मोहनघाट में संबंधित विभाग ,एजेंसी (रेल्वे, ब्रिज कार्पोरेशन) को सुधार हेतु पत्र जारी कर कलेक्टर कार्यालय स्थित राहत शाखा को सूचित करने, सागर पुलिया एवं आर्डनेंस फैक्ट्री के पास जलभराव की निकासी हेतु संबंधित विभागों को सूचना पत्र जारी कराये जाने हेतु प्रभारी अधिकारी सुधीर मिश्रा को नियुक्त कर सहयोगी के रूप में अन्य अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

इसी प्रकार आवश्यकतानुसार वाहन, सर्च लाइट एवं सायरन बाढ़ प्रभावित,निचले क्षेत्रों एवं नदी घाटों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, हैलोजन, जनरेटर सेट,पेट्रोमैक्स की व्यवस्था करने, विद्युत कर्मियों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करने, विद्युत पोलों में विद्युत करंट फैलने की स्थिति निर्मित ना हो, इसकी तैयारी रखने के साथ वर्षाकाल में नगर के मार्गों में वृक्षों या शाखाओं के गिरने पर तत्काल टीम भेजकर हटवाते हुये सुचारु आवागमन की कार्यवाही किए जाने वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व नगर के सभी नाले-नालियों, स्टॉम वॉटर ड्रेन एवं सीवरेज प्रणाली की साफ-सफाई कराये जाने, अतिवृष्टि होने पर जलभराव बाले स्थानों से जल निकासी कीटनाशक का छिड़काव करने दायित्व सौपे हैं।

### लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरूवार 12 जून को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में कलेक्टर द्वारा डिसर्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद की समीक्षा भी की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक दिनेश मर्सकोले ने अधिकारियों एवं उद्योगपतियों व सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

खबर संक्षेप

## रक्तदान शिविर का 14 जून को होगा आयोजन

**दमोह।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून 2025 को जिला चिकित्सालय दमोह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक चलेगा। भारतीय रेडक्रास सोसायटी सभी से आग्रह करती है, कि इस रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें। रक्तदान करके आप कई जिंदगियों को बचा सकते हैं और समाज में एक अच्छा संदेश दे सकते हैं।

## श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर की कृषि भूमि की पुनः बोली 12 जून को

**पन्ना।** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार न्यायालय मण्डल कल्दा द्वारा ग्राम बिरसिंहपुर सुरदहा स्थित श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर में दर्ज कृषि भूमि की बोली प्रक्रिया गत 9 मई को ग्राम पंचायत भवन बिरसिंहपुर में संपादित की गई थी, लेकिन प्रथम बोलीदार शनि प्रताप सिंह निवासी खम्हरिया एवं द्वितीय बोलीदार अरूण पाल लोधी निवासी दिवई द्वारा नीलामी में बोली गई राशि को मंदिर खातें में जमा न कराने से पुनः 12 जून को तहसील कार्यालय पवई में बोली की प्रक्रिया आयोजित की गई है। पर्याप्त बोली नहीं आने अथवा बोली पूर्ण नहीं होने पर दूसरे दिवस भी इसकी कार्यवाही संपादित होगी। बोली समाप्त होने के पश्चात अंतिम निर्णय जिला कलेक्टर पन्ना का मान्य होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी तहसील कार्यालय पवई में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जीएडी ने जारी किए दिशा-निर्देश

**पन्ना।** इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### तारादेही वन अमला ने की कार्यवाही

# 210 एकड़ जंगल की जमीन से जेसीबी मशीन से हटाया कब्जाधारियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तारादेही रेंज के अंतर्गत जामुन वीट के तहत वन अमला ने लगभग 15 सालो से अधिक जंगल की 210 एकड भूमि पर काबिज लगभग 40 लोगो का जेसीबी मशीन से एक ही दिन में कब्जा हटाया गया है। इसके बाद अव मुक्त की जमीन पर पौधा रोपण वन अमला के द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा वर्तमान में भी जंगल की जमीन से कब्जा हटाने की कार्यवाही चल रही है। ज्ञात हो कि जामुन वीट में जंगली की जमीन पर लोगो के द्वारा कब्जाकर लम्बे समय से खेती की जा रही थी। साथ ही वर्तमान में भी खेती किए जाने के प्रयास किए जा रहे थे। लेकिनं डीएफओ दमोह के आदेशानुसार जंगल की जमीन से कब्जा हटाने की मुहिम के चलते सभी रेंजो में जंगल की जमीन से





कब्जा हटाया जा रहा है। इस दौरान वन अमला ने जेसीबी मशीन से अस्थाई छोपडियों को तोड़ा गया है। साथ ही मेंडो एवं पत्थरो की खकरियों को भी हटाया गया है। तारादेही रेंजर दवेवेन्द्र गुर्जर ने बताया है कि वनविभाग के द्वारा जंगल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही के तहत जामुन वीट में लम्बे समय से कब्जाकर खेती की जा रही थी। जिसका कब्जा हटाया गया है। इस दौरान जामुन ग्राम के ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा है। इसके अलावा कब्जा धारियों ने भी कब्जा हटाने को लेकर किसी भी प्रकार का विरोध नहीं किया है। कब्जा से मुक्त कराई गई जमीन पर पौधो का रोपण कराए जाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। साथ ही बरसात में यहां पर पौधो का रोपण किया जाएगां।

# रात्रि गश्त में 441 लीटर अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा थाना पुलिस द्वारा 10 जून 2025 की देर रात्रि में गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक बोलेरो वाहन क्र. MP 20 BA 0369 में चम्मू उर्फ चमन राय निवासी कोंरता थाना जबेरा व एक अन्य व्यक्ति नोहटा तरफ से अवैध शराब लेकर बंशीपुर तरफ आ रहे हैं। स्टाफ के माध्यम से मुखबिर द्वारा बताये गये वाहन को बिदारी घाटी जबेरा पर रोकने का प्रयास किया गया। किंतु उक्त वाहन नहीं रुका व पुलिस को देखकर तेज गति से वाहन भगाते हुए विदारी घाटी से होते हुए वंशीपुर मार्ग पर ले गया जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया गया। वंशीपुर रोड पर अवस्थी फार्म हाउस के पास चमन राय व एक अन्य व्यक्ति द्वारा उपरोक्त वाहन छोडकर जंगल तरफ भाग गए। जिनको पुलिस स्टाफ द्वारा जंगल में भी उनका पीछा कर ढूढने का प्रयास किया गया। किंतु उक्त अभियुक्तगण नहीं मिले।उपरोक्त बोलेरो को चेक करने पर 44 पेटी लाल मसाला शराब व 05 पेटी प्लेन शराब कुल 2450 पाव (441) लीटर कुल कीमती तकरीबन 2,45000 रुपये की बरामद हुई। जो मौके पर जब्त कर ज़ब्ती पंचनामा तैयार किया गया। उपरोक्त फरार अभियुक्तों के विरुद्ध अप. क्र. 168/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह जबेरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटी दिनेश पिता छोटेलाल चक्रवर्ती निवासी आधारताल जिला जबलपुर जो कि प्रकरण में 06 साल से फरार चल रहा था ,को देर रात्रि सूचना मिलने पर दीनदयाल बस स्टैण्ड जबलपुर में घूम रहे उक्त वारंटी को दबिश देकर जबलपुर से गिरफ्तार किया गया जिसे आज ही माननीय न्यायालय दमोह पेश किया जायेगा।दोनों प्रकरणों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उनि. विकास सिंह चौहानउप निरी गणेश दुबे,प्र.आर. देवेन्द्र, प्र.आऱ. कल्याण, प्र.आऱ रणमत, प्र.आऱ. आनंद, आर वीरेन्द्र सिंह, आर निशांत, आऱ. अनमोल,आर अनिल पटेल, आर वीरेन्द्र बाडेकर, डायल चा. चरण अठ्या आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का विभिन्न स्थानों पर आयोजन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान व आचार्य श्री विद्यासागर जी आचार्य श्री समयसागर जी के आशीर्वाद एवं तीर्थ चक्रवर्ती श्री सुधासागर जी की पावन प्रेरणा से श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर दमोह नगर में गति पर है। णमो लोए सव्व साहूणं अर्थात इस लोक के सभी साधुओं को नमस्कार हो। इस ध्येय वाक्य के साथ स्वाध्याय में तल्लीन श्रावक सत्संगति और स्वाध्याय में मग्न हैं। 31 मंदिरों के 13 केंद्रों पर अध्ययन कर रहे आबाल वृद्ध जन 15 जून को आयोजित परीक्षा में भी भाग लेंगे। यहां पर विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए दर्शन, धर्म, साहित्य, भक्ति, सिद्धांत, कला जैसे नृत्य, चित्रकला, मंडला आर्ट, अभिनय आदि सिखाया जा रहा है। शिविर में देश के विभिन्न प्रांतों से आए विद्वान् यहां अध्ययन करा रहे हैं। सभी कक्षाओं में निशुल्क साहित्य कॉपी पेन आदि का वितरण हुआ है। निशुल्क स्वल्पाहार एवं विभिन्न। मनोवैज्ञानिक गतिविधियां चल रही है। जिससे पाठकों का मन तंदरुस्त हो रहा है। शिविर के सभी केंद्रों का समापन मानस भवन में 15 जून की रात्रि को सम्पन्न होगा। अध्ययन का मुख्य केंद्र श्री सिंघई मंदिर के साथ वसुंधरानगर मंदिर, नेमीनगर मंदिर, जबलपुर नाका मंदिर बड़ा मंदिर, भाई जी मंदिर में यह कार्य चल रहा है। दमोह ग्रामीण में हटा, जबेरा, तेंदूखेड़ा, अभाना, बनवार आदि में यह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। शिविर प्रभारी डॉ प्रदीप जी के निर्देशन एवं अरविंद इटोरिया की अध्यक्षता में 13 केंद्रों पर लगन और उत्साह से स्वाध्याय का आनंद लिया जा रहा है। स्थानीय मंदिर कमेटिया इसे दिशा दे रही हैं और आयोजन को भव्य बना रहे हैं। श्री दिंगबर जैन पंचायत दमोह इसमें समर्पित है एवं जैन मिलन, महा समिति आदि सहयोग कर रहे हैं।

### हजरत बाबा महबूब शाह रह. अलैय का 83 वां उर्स आपसी सदभाव पूर्ण माहौल में सम्पन्न

# रात भर चला कव्वालियों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्ला अलैह का 83 वां उर्स शरीफ नगर हिण्डोरिया में धूमधाम के साथ मनाया जा गया। इस मौके पर एक ओर जहाँ 09 जून 2025 दिन सोमवार की शाम को नगर गश्त कर सन्दली चादर शरीफ निकाली गई वहीं दूसरी ओर 10 जून 2025 दिन मंगलवार की तमाम रात्रि 10 बजे से मशहूर कव्वाल मुकर्रम वारसी एवं हबीब अजमेरी के मध्य यादगार गजलों एवं कव्वालियों का अदवी मुकाबला सम्पन्न हुआ। पूरी रात अकीदतमंद हजरात ने फनकारों के शानदार कलाम पेश करने पर पैसे लुटाए उनकी हौसला अफजाई की एवं गजलों वा कव्वालियों का पूरी रात भरपूर लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक हटा उमा देवी खटीक, हिण्डोरिया नपाध्यक्ष ठा.हेमेंद्र सिंह, एसडीओपी पथरिया रघु केशरी, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर, हाजी नवी बक्स, हाजी रसीद सेठ, सरपंच रश्मि यादव, अजय यादव, अकील बाबू, महेश पुरानी,दाऊद भाई सौदागर ,नायब तहसीलदार प्रीतम



सिंह लोधी , देवेंद्र ठाकुर सुधांशु चौबे, लक्ष्मण पटेल, सीएमओ तबस्सुम बानो मौजूद रहे। उर्स कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सुजात खान ने किया। इस मौके पर अतिथि विधायक में कार्यक्रम की सरहरा करते हुए कहा कि हिण्डोरिया मे हर वर्ष होने वाला बाबा का उर्स वाकई हिंदू-मुस्लिम कौमी एकता, आपसी भाईचारा का शानदार प्रतीक है । आज देश मे कौमी एकता के सशक्तिकरण के लिये ऐसे आयोजनों की सख्त जरूरत है। प्रोग्राम की यादगार कामयाबी पर उर्स कमेटी के सदर जनाब रहीम खान मुकददम ने सभी धर्म प्रेमियों , कव्वाल प्रेमियों एवं अकीदतमंद हजरात का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में हाजी नबाब खान, लालचंद खटीक शहजाद कुरैशी, शेख सखावत, हबीब राजा चौहान,आशिक खान, तैय्युब अली, हुसैन सेठ, साजिद उस्ताद, शेख असीम, शानु खान, अकील मोटू , दीपक खटीक,शनी पठान, डॉ.अनवर खान, अंसार खान, कलीम तकियादार सहित नगर परिषद, बिजली विभाग, पुलिस विभाग आदि की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।



# झलौन में कृषि ऋण जागरूकता शिविर का आयोजन



**झलौन।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा तेंदूखेड़ा द्वारा कृषि ऋण जागरूकता शिविर 11जून को ग्राम झलौन में प्रबंधक आशीष कुमार बर्मा फील्ड ऑफिसर विकास महोबिया ने प्रतिभागियों को बैंक की कृषि ऋण योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल बैंकिंग लाभ के बारे में विस्तार से बताया। कम से कम 2 एकड़ भूमि बाले किसानों को हार्वेस्टर ट्रैक्टर जैसे अनेकों कृषि यंत्रों का लोन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं केसीसी में अच्छे किसान पदमचंद जैन जगदीश साहू जवाहरलाल जैन आदि किसानों को श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया गया।शिविर में गुहची मगदूपुरा उमरिया धनेटा सेहरी ससनाअंचलपुरा आदि ग्रामों से रामाआचार्य अशोक जैन राजकुमार साहू रामसीग टेकसीग एवं एसबीआई कियोस्क संचालक रूपेश जैन नीलेश साहू एवं सैकड़ो किसानों की मौजूदगी रही।

## भूपेंद्र जैन बने जिला संस्कार प्रमुख



**दमोह।** राष्टीय स्वयं सेवक संघ के आनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद के प्रकल्प संस्कार सेवा के जिला प्रमुख का दायित्व परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कोठारी प्रदेश संगठन मंत्री राजीव विरथरे जिला अध्यक्ष दीपक सिंघानिया सचिव विक्रम राजपूत, महेंद्र ताम्रकार आदित्य चौरसिया राजेंद्र पटेल किरण गोस्वामी, धनेश जैन, मनीष सोनी मिथलेश मिश्रा महिला संगठन की क्षेत्रीय सचिव भारती कौरव जितेंद्र शर्मा डॉ ब्रजेश कुलपरिया नीता मिश्रा अनुराधा गोस्वामी की उपस्थिति में सोपा गया। भूपेंद्र जैन ने बताया कि भारतीय संस्कृति में संस्कारो का विशेष महत्व सदैव रहा है बाल्य अवस्था में श्रेष्ठ संस्कारों के अभाव के कारण यह पीढ़ी भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपना श्रेष्ठ नहीं दे पाती है आगामी समय में राष्ट्र भावना से ओतप्रोत संस्कारो को नई पीढ़ी तक पहुंचाने हेतु कार्ययोजना बना कर जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा जैन के इस दायित्व पर भारत विकास परिषद के सभी जनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की।

## नगरीय क्षेत्र में जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्रवाई

**पन्ना।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त ने समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित की जाएगी। नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया गया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जन धन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। इसके अलावा नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिए भी कहा गया है। नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है।

# गौशाला में भ्रष्टाचार: कागजों पर गायें, हकीकत में भैंसें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

गौशाला में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते हैं, जहां कागजों पर गायों की संख्या अधिक दिखाई जाती है जबकि वास्तविकता में गायें नहीं होती हैं। जबेरा जनपद पंचायत की जलहरी गौशाला में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह के निरीक्षण के दौरान एक भी गाय नहीं मिली, बल्कि दो भैंसें वहां मौजूद थीं। उन्होंने कहा ऐसे मामलों में अक्सर अधिकारी और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत की बात सामने आती है। भीषण गर्मी में शाम के समय गौशाला में गायों को होना चाहिए लेकिन एक भी गाय गौशाला में नहीं है जबकि गौशाला में प्रति गाय के लिए 40 के हिसाब से राशि आती है। जब इस बारे में वेटरनरी डॉक्टर पंकज चौबे से बात की गई तो उन्होंने बताया लगभग 90 गायों की उपस्तिथि भेजी जा रही है। जबकि हकीकत में गौशाला में एक भी गाय नहीं है। गायों की उपस्तिथि कागजों में चल जा रही है उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है। इस मामले में जांच और कार्रवाई की जाए ताकि गौशाला का उद्देश्य पूरा हो सके और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

# चौपाल का हुआ आयोजन



**सिंग्रामपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के विकासखंड जबेरा के अंतर्गत सेक्टर सिंग्रामपुर के ग्राम कुसमी मनगढ़ में जिला समन्वयक श्री सुशील जी नामदेव द्वारा नर्सरी और जनसूचना केंद्र वाचनालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें पेड़ों के महत्व और जल संरक्षण के बारे में चर्चा की गई। पेड़ों की पूजा और उनके महत्व के बारे में बताया गया और यह भी चर्चा की गई कि हमें पेड़ों को कैसे बचाए रखना चाहिए। नदियों के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में चर्चा की गई और वर्तमान में नदियों की स्थिति और उनके विलुप्त होने के खतरे के बारे में भी बताया गया। जल संरक्षण के महत्व और इसके तरीकों के बारे में चर्चा की गई।इस दौरान नर्सरी का निरीक्षण किया गया और आवश्यक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर जय साईं शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के सदस्यः* सचेंद्र रजक, बलराम रजक, पारसमणी विश्वकर्मा, सीमा अहिरवार, दीक्षा अहीरवाल, मान्या अवस्थी, कंचन धनगर की उपस्थिति में सभी ने मिलकर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा और इसके लिए काम करने का संकल्प लिया।

# 22 प्रकरणों में आरोपियों को किया ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 22 प्रकरण में 47 हजार 500 रूपये का इनाम घोषित किया है । उन्होंने 09 प्रकरणों में 19 फरार आरोपियों पर 31 हजार 500 रूपये, 02 प्रकरणों में 02 संदेही आरोपियों पर 02 हजार रूपये तथा 11 प्रकरणों में 11 अज्ञात अरोपियों पर 14 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 219/25 धारा 109,132,121 (1) बीएनएस 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी गुफरान पिता सलीम बिजली निवासी थाना कोतवाली दमोह पर तीन हजार 500 रूपये, थाना कोतवाली हिण्डोरिया अपराध क्रमांक 202/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट 111 (4) बीएनएस के तहत आरोपी अज्जू ऊर्फ अजय पिता बंशीलाल चक्रवर्ती उम्र 36 साल निवासी बजरंग नगर वार्ड नं.-10 सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ पर तीन हजार रूपये, थाना मड़ियादो अपराध क्रमांक 129/24 धारा 74, 351 (2) बीएनएस 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी रूपसिंह पिता अमानसिंह लोधी निवासी मुहरई थाना मड़ियादो पर तीन हजार रूपये, थाना कोतवाली दमोह अपराध क्रमांक 168/25 धारा 296, 109 (1), 3 (5) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी गुफरान पिता सलीम कुरैशी उम्र 24 साल निवासी कसाई मंडी थाना कोतवाली जिला दमोह पर तीन हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। थाना हिण्डोरिया के अपराध क्रमांक 93/25 धारा 420, 34 भादवि इजाफा धारा 467, 468, 471 भादवि के तहत आरोपी राजू ऊर्फ पप्पा पिता मंगल खान उम्र 55 साल निवासी कुलरधा पुराना वार्ड-22 थाना कोतवाली जिला हरदा पर दो हजार 500 रूपये, थाना तेन्दूखेड़ा अपराध क्रमांक 88/25 धारा 127(2), 65 (1), 49, 3(5) बीएनएस 3/4, 17 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी खिलान सिंह गौड़ निवासी वार्ड क्रमांक-05 तेन्दूखेड़ा एवं आरोपिया सरोज लोधी निवासी ग्राम जामुनखेड़ा थाना तेन्दूखेड़ा जिला दमोह पर दो-दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। थाना तेन्दूखेड़ा के अपराध क्रमांक 155/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत आरोपी जुगल केवट निवासी ग्राम झरौली थाना तेन्दूखेड़ा पर एक हजार 500 रूपये, थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 134/25 धारा 191 (2), 191 (3), 190, 296, 109, 118 (1), 115 (2), 125, 324 (3), 132, 121(3) बीएनएस 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी राजा ठाकुर निवासी सहसना, भूरा राय, मिन्टू राय, सागर झारिया आकाश ठाकुर निवासी सहसना एवं दिनेश राय निवासी सिंग्रामपुर तथा थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 117/25 धारा 296, 109, 115 (2), 118 (1), 351(2),3 (5) बीएनएस के तहत आरोपी राजेन्द्र साहू, काशीराम साहू, नरेन्द्र साहू, हरीबाई साहू, रजनी साहू निवासी केरबना जिला दमोह पर एक-एक हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। थाना तेन्दूखेड़ा के अपराध क्रमांक 162/2025 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत संदेही ओरापी करण राय निवासी ललपुरा जिला जबलपुर एवं थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 208/2024 धारा 363 ता.हि. के तहत संदेही आरोपी शिवेन्द्र घोषी पिता लालसिंह घोषी निवासी ग्राम जबेरा थाना जबेरा जिला दमोह पर एक-एक हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 87/2024 धारा 363 भादवि, थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 855/14 धारा 363 भादवि एवं थाना तेन्दूखेड़ा के अपराध क्रमांक 314/2020 धारा 363 ता.हि. के तहत अज्ञात आरोपियों पर दो-दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। थाना तेन्दूखेड़ा के अपराध क्रमांक 07/2020 धारा 363 ता.हि., थाना पटेरा के अपराध क्रमांक 94/2024 धारा 363 ता.हि., अपराध क्रमांक 69/2024 धारा 363 ता.हि., थाना दमोह देहात अपराध क्रमांक 144/2025 धारा 137(2) बीएनएस, थाना तेन्दूखेड़ा के अपराध क्रमांक 81/2024 धारा 363 ता.हि., अपराध क्रमांक 80/2024 धारा 363 ता.हि., थाना रनेह अपराध क्रमांक 32/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी पर एक-एक हजार रूपये तथा थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 149/25 धारा 325 बीएनएस 4,6 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत फरार अज्ञात आरोपी पर एक हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी फरार आरोपियों, संदेही आरोपियों एवं अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

## खबर संक्षेप

### 17 वाहन चालकों पर की गई चालानी कार्रवाही

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत पुलिस यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इस सबंध में यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने बताया बटियागढ़ मार्ग एवं हटा नाका पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया 06 ओवर स्पीड, 01 सील्ट बेल्ट, 10 हेलमेट ना पहनने वाले वाहन चालकों पर 9500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने आमजनों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। साथ ही कहा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### रोजगार केम्प का आयोजन

**दमोह।** जिले की तहसील हटा में गुरूवार 12 जून को प्रातः 11 बजे से अजीविका मिशन हाल में क्वेस कार्पो फार टाटा मोटर सानंद के लिए लर्न एण्ड अर्न प्रोग्राम हेतु सीधी भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया सीधी भर्ती के लिये शैक्षणिक योग्यता बारहवीं/आई.टी.आई /स्नातक/डिप्लोमा हो एवं आयु सीमा 18 वर्ष से 23 वर्ष के बीच हो ऐसे आवेदक संस्था में अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों, आधार कार्ड/मोबाईल इत्यादि लेकर समयानुसार उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है।

### पेयजल स्त्रोंतो के आसापास साफ-सफाई का किया जा रहा कार्य

**दमोह।** एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत हटा क्षेत्र में पेयजल स्त्रोंतो के आसापास साफ-सफाई, क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा हैं। इस सबंध में उन्होंने बताया पीएचई विभाग के द्वारा हटा उपखंड के अंतर्गत सभी ग्रामों के जल स्त्रोंतो यथा हेण्डपंप, बोरबेल, नल-जल योजनाओं एवं कुआ-बावड़ियों में क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने ग्राम वासियों से आग्रह करते हुए कहा पेयजल स्त्रोंतो के आसपास साफ-सफाई एवं स्वच्छता रखी जाए।

घायलों को जिला अस्पताल में किया भर्ती, मगरोन थाना के पैरवारा गांव की घटना, एसपी सहित पुलिस पहुंची घटनास्थल पर

# दबंगों ने हंड्रेड डायल के पुलिसकर्मी और पायलट को बंधक बनाकर की जमकर मारपीट, जिंदा जलाने का किया प्रयास

### एसपी ने कहा गुंडों के खिलाफ होगी अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग क्षेत्र के मगरोन थाना अंतर्गत एक गांव में सनसनीखेज घटना सामने आई है जिससे पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया है जहां मंगलवार की रात मूमेंट पर पहुंची हंड्रेड डायल में तैनात पुलिसकर्मी और पायलट को दबंगों द्वारा जिंदा जलाने का प्रयास किया गया है साथ ही उनके साथ जमकर मारपीट की गई है। घटना को लेकर क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि जब पुलिस ही सुरक्षित नही तो फिर आम आदमी कैसे सुरक्षित रहेगा। पूरा मामला हटा अनुविभाग के मगरोन पुलिस थाने का है।

दरअसल बीती रात करीब 8 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से मगरोन पुलिस थाने की डायल 100 टीम को एक इवेंट मिला कि पैरवारा गांव में कुछ लोग एक जमीन पर अवैध कब्जा कर उत्पात मचा रहे हैं। कंट्रोल रूम की सूचना पर डायल हंड्रेड की टीम मौके पर पहुंची तो कब्जा और उत्पात मचा रहे लोगो ने डायल 100 के पायलट और पुलिस आरक्षक के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। बात सिर्फ बदसलूकी तक सीमित नही थी बल्कि पुलिस टीम के मोबाइल फोन छीन लिए जमकर मारपीट की, पुलिस आरक्षक को जबरन शराब पिलाई गई और मौके पर मौजूद एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर उसी जलते ट्रेक्टर में पुलिसकर्मी को फेंकने का प्रयास कर ज़िंदा जलाने की कोशिश की गई। इस हमले में पुलिस आरक्षक और पायलेट गम्भीर घायल हुए हैं जिन्हें दमोह के जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस पूरे घटनाक्रम को बिंदुवार हमले में घायल पुलिसकर्मी बलराम सिंह लोधी बताया कि देर रात जब मगरोन थाना प्रभारी को मामले की जानकारी मिली तो उस गांव में पुलिस बल भेजा गया है, घायल पुलिसकर्मी के मुताबिक हमलावर 30 से 35 की संख्या में थे। ज़िंदा बचकर आये पुलिसकर्मी बलराम और पायलेट मनोज राजपूत को अब न्याय की उम्मीद है कि उनके साथ हुई घटना के बाद दोषियों पर कार्यवाही होगी वहीं पुलिस के आला अधिकारियों के मुताबिक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट के साथ ज़िंदा जलाने की कोशिश भी की गई है।







दबंग के कहर से अब जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं, तो जनता का क्या हाल होगा



### मामले में होगी अब तक की बड़ी कार्रवाई : एसपी

मगरोंन थाना क्षेत्र के ग्राम पैरवारा गांव में बीती रात पुलिस टीम पर जानलेवा हमला और पुलिस आरक्षक को ज़िंदा जलाने के प्रयास मामले में एसपी श्रुत कीर्ती सोमवंशी ने मामले को सख्ती से पेश आकर घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण कर भरोसा दिलाया है कि माफिया के खिलाफ अब तक की बड़ी कार्यवाही होगी। एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगो से बातचीत कर वास्तविकता भी जानी तो पूरा घटनाक्रम वास्तविक निकला जब जमीन पर कब्जा करने वाले माफिया की गुंडागर्दी की हकीकत सामने आई है। मंगलवार की रात इलाके का नामी कांट्रेक्टर और खनिज माफिया के रूप में पहचाने जाने वाला ध्रुव सिंह नन्ना पैरवारा और उसके भाई अपने साथियों के साथ एक राय होकर 82 साल के बुजुर्ग गुलाब चंद जैन की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे थे। और इसी रिपोर्ट पर डायल 100 की टीम पैरवारा गाँव आई थी। आरक्षक बलराम लोधी और पायलट मनोज राजपूत के साथ मारपीट की गई और फिर जलते ट्रेक्टर में फेंककर जिंदा जलाने का प्रयास किया। जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। जिस जमीन पर कब्जा हो रहा था उस पर ध्रुव सिंह की पोकलेन मशीन डंपर ट्रेक्टर सहित मशीनरी रखी हुई थी। वहीं जिस ट्रेक्टर में आग लगाकर उसकी आग में पुलिसकर्मी को डालने की कोशिश की गई वो जला हुआ ट्रेक्टर भी खेत में खड़ा मिला है।

### पीड़ित ने सुनाई एसपी को आपबीती, जिससे उपज था विवाद -

घटनास्थल पर पहुंचे एसपी को पीड़ति जैन परिवार ने बताया कि उनकी कीमती जमीन पर ध्रुव सिंह की नजर है और कई महीनों से इस जमीन को वो हथियाना चाहता है। दो दिन पहले ही ध्रुव के भाई ने रास्ता रोककर उसे बंदूक की नोक पर धमकी भी दी थी जिसकी शिकायत उन्होंने हटा थाने में की थी लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नही लिया। इस बड़े घटनाक्रम के सामने आने के पीछे की वजह ध्रुव सिंह का रसूख भी है। अच्छी खासी राजनेतिक पकड़ रखने वाला ध्रुव सिंह सत्ताधारी भाजपा के नेताओ का करीबी माना जाता है। इलाके की भाजपा विधायक के अलावा सांसद और मंत्रियों के खास होने की बातें भी सामने आई है और यही रसूख उसे ऐसी वारदातें करने उत्साहित भी करता रहता है लेकिन इस बार उसने आम लोगों के साथ नही बल्कि पुलिस के साथ अमानवीयता की और दाव गलत पड़ गया।

एसपी श्रुत कीर्ती सोमवंशी के मुताबिक पूरा घटनाक्रम अब तक कि जांच में सही पाया गया है, पुलिस ने 30 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिनमे 14 नामजद आरोपी है जबकि 16 अज्ञात आरोपी है। अब तक पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है जबकि मुख्य आरोपी ध्रुव सिंह अभी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए तीन अलग अलग टीम बनाई गई है। एसपी ने घटना को दुर्भाग्य पूर्ण करार दिया है और कहा है कि इलाके में अब तक का माफिया या गुंडों के खिलाफ सबसे बड़ा एक्शन पुलिस लेगी जिसे लोग देखेंगे और नजीर बनेगी।

## 81 युवाओं को नियुक्ति पत्र किए गए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत आज माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में क्वेस कॉर्प की ओर से टाटा मोटर्स के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 181 युवाओं ने ऑफलाइन पंजीयन करवाया। साथ ही 81 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया ने कहा युवा संगम कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अपने कौशल को निखारने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। जिला रोजगार अधिकारी एलपी लड़यि एवं आईटीआई प्राचार्य अभिषेक तिवारी ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा टाटा मोटर्स की टीम का आभार जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए एक नए अवसर की शुरुआत करेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में टाटा मोटर से आए नईम कुरैशी, एच.आर.क्वेस कार्पो तुषार नायले एवं वंदना राजपाल ने कम्पनी की विस्तृत जानकारी और मिलने वाली सुविधाओ के वारे में विस्तार से बताया। संस्था प्राचार्य विनय कुमार वर्मा, डॉ. जगदीश अहिरवार, टी.पी.ओ सोनू सोनी, मुकेश तिवारी कैरियर काउंसलर एवं संस्था का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। जिले में क्वेस कार्पो अहमदाबाद द्वारा जिला दमोह में टाटा मोटर्स अहमदाबाद/पुणे के लिए आज 12 जून को प्रातः 11 बजे से आजीविका मिशन भवन हटा में, 13 जून को प्रातः 11 बजे से शासकीय स्नातक महाविद्यालय जबेरा में तथा 14 जून को प्रातः 11 बजे से अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय स्नातक महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक युवाओं से आग्रह करते हुए कहा अंकसूची, आधार कार्ड, पासबुक, समग्र आई.डी एवं रिज्यूम के साथ रोजगार मेले में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाये।

### तेल गुणवत्ता सर्वे अभियान के अंतर्गत लिए गए नमूने

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा जांच दल ने हटा नगर में किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया है। देशव्यापी फोर्टीफाइड खाद्य तेल विशेष जांच अभियान के तहत हटा नगर में चंडी जी वार्ड स्थित मेसर्स राजकुमार सुहाने ,सुहाने ट्रेडिंग कंपनी एवं राय चौराहा स्थित सोना एंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया गया है। परिसर में संग्रहित कंपनी पैक्ड प्रेस्टीज ब्रांड फोर्टीफाइड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इसी तरह बड़ा बाजार स्थित मनोज सुपर मार्ट से किंग्स ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। इसी तारतम्य में एम.एल.बी स्कूल के सामने स्थित मां कर्मा किराना से सिम्पली फ्रेश ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। इन कंपनी पैक्ड फोर्टीफाइड खाद्य तेल के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## बिजली की लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिरने से दो भैंसों की मौत

**बनवार।** जबेरा जनपद की ग्रामपंचायत बीजाडोंगरी के भोजपुर गांव में 11 केबी लाइन का एल टी तार टूटकर गिरने से पशुपालक रल्ली यादव की एक भैंस और भारत सिंह लोधी की एक भैंस की मौत हो गई है। यह हादसा हररई तेजगढ़ विद्युत वितरण केंद्र के गांव में भोजपुर में हुआ, है पशु पालक अपनी भैंसों को घर ले जा रहे तभी अचानक बिजली का तार टूट गया और दोनों भैंसों करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। किसान ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया और शिकायत दर्ज की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। और बिजली पोल के जर्जर तार हादसों की बजह बने हुए है बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा पशु पालकों को भुगतना पड़ा और उनकी लाखों की कीमती दुधारू भैंसों की मौत हो गई। विद्युतवितरण केंद्र तेजगढ़ के जे ई के एक यादव का कहना है विद्युत विभाग की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है तो पशु पालकों को मुआवजा दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी।



प्रधानमंत्री के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित

देश की जनता भी कहने लगी है कि मोदी हैं तो मुमकिन है : श्याम शिवहरे

# प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है: सांसद राहुल सिंह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय दमोह में आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए दमोह सांसद राहुल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है, जिसने बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इसी कारण हम 'विकसित भारत' और 'अमृतकाल' को जमीन पुर उतरते हुए देख रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में भारत ने गरीब और जन कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है। आम आदमी की सोच बन गई है कि मोदी जी समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रहित में अनुच्छेद 370 को हटाना, तीन तलाक को खत्म करना, नया वक्फ कानून और सीएए लागू करना तथा विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में अब निर्णायकता और आक्रामकता एक 'न्यू नॉर्मल' बन गई है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक छवि को दुनिया भर में स्थापित किया है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी-ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। ्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक क्रियान्वयन का विषय बनाया है। भारत में अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं या चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके हैं और अगले 5 वर्षों में 3 करोड़ और मकानों के निर्माण का संकल्प लिया गया है, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। सड़क नेटवर्क के क्षेत्र में पहले जो सड़कें अधूरी और टूटी-फूटी रहती थीं, वे अब हाईवे में बदल चुकी हैं। इनकी गति और गुणवत्ता इतनी उन्नत हो चुकी है कि डायवर्जन लेने के लिए अब दो किलोमीटर पहले से ही सतर्क रहना पड़ता है।

### अब देश की जनता भी कहने लगी है कि मोदी हैं तो मुमकिन है : श्याम शिवहरे

भाजपा के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने ने कहा कि यह सरकार भविष्य को ध्यान में रखकर, देश को आगे की दिशा में ले जाने की सोच के साथ कार्य कर रही है। इसलिए आज हम विकसित भारत की बात करते हैं। इस अमृत काल और बीते 11 वर्षों ने विकसित भारत की नींव रखी है। इस नींव को मजबूत करने के लिए जो भी आवश्यक निर्णय थे, वे सभी लिए गए हैं। आज भारत का आम नागरिक कहता है कि "मोदी हैं तो मुमकिन है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति यह धारणा बन चुकी है कि वे समस्याओं का समाधान करेंगे। यह आम नागरिक की सोच बन गई है। पत्रकार वार्ता में संकल्पर से सिद्धि तक कार्यक्रम के जिला प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यकक्ष संजय सेन, जिला महामंत्री गोपाल पटैल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, जिला सह मीडिया प्रभारी महेंद्र जैन मंचासीन रहे ।

### मोदी सरकार ने असंभव को संभव कर दिखाया है : राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह

पत्रकारों से चर्चा करने हुए राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के साथ अनुच्छेद-370 को हटाकर असंभव दिखने वाले काम को संभव कर दिखाया। हमारी सरकार हमेशा ही साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। नया वक्फ कानून और सीएए लागू करना तथा विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने हर चुनौती का निर्णायक जवाब दिया और चुनौतियों को अवसर में बदलने का कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने गरीबी हटाओ को नारा दिया दिया था, लेकिन गरीबी को हटाने के लिए कोई कार्य नहीं किया। प्रधानमंत्री ने गरीबी हटाने को मिशन के रूप में लिया भारत में पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को देश की मुख्यधारा में लाया गया है। इसी तरह, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने भी उन्हें आर्थिक सुरक्षा के दायरे में लाकर सशक्त किया है। 100 प्रतिशत विद्युतीकरण की दिशा में सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना और उजाला योजना के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यही स्थिति 2017 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ भी रही, वह भी बिना किसी विवाद के पारित हुई, क्योंकि इसमें भी समग्र दृष्टिकोण और संवाद की व्यापकता रही। स्वच्छ भारत मिशन केवल शौचालय निर्माण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने स्वास्थ्य संकेतकों में भी सुधार लाया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./निविदा/2025 / 489 — हटा दिनांक 11.06.2025

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /**

एतद द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत एम. आई.एस. डाक्यूमेंटेशन, आई.ई.सी. वर्क. डाटा कलेक्शन मानिटरिंग एवं अन्य कार्यो हेतु अनुभवी एजेन्सी / एन.जी.ओ. नियुक्ति जाना है, इस हेतु आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/एजेन्सी/एनजीओ निविदा प्रपत्र राशि आनलाईन जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं ।

| टेण्डर क्रं. | कार्य का नाम एवं स्थान | अनुमामित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 2025 _UAD_ 430229_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत एम.आई.एस. डाक्यूमेंटेशन, आई.ई.सी. वर्क, डाटा कलेक्शन, मानिटरिंग एवं अन्य कार्यो हेतु एजेन्सी / एन.जी.ओ. नियुक्ति बाबत्। | 20.00 | 15000.00 | 2000/- |

1. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 12.062025 को प्रात: 10 :30 बजे से दिनांक 14.07.2025 को शाम 05 :30बजे तक क्रय किये जा सकते हैं ऑनलाईन निविदा 14.07.2025 को शाम 05 :30 बजे तक जमा कर सकते है । आनलाईन निविदा दिनांक 16.07.2025 को प्रात: 11 :000 बजे से खोली जावेंगी । 2. किसी भी प्रकार का संषोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्षित किया जावेगा, किसी समाचार पत्र में कोई संषोधन प्रकाषित नहीं किया जावेगा । 3. निविदा की समस्त शर्ते निविदा प्रपत्र अनुसार होंगी एवं किसी भी निविदा को कारण या बिना किसी कारण के स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय को होगा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमति गायंत्री साहू पति श्री प्रकाश साहू वार्ड क्रमांक. 05 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक / भवन क्रं 148 का हस्तातंरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्रं. 148 वार्ड क्रमांक 05 श्रीमति नर्मदा साहू पति श्री रामदयाल साहू का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन / प्लाट के हस्तातंरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है । म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 11/06/25 को 30 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री ओमकार, नारान धनीराम पिता श्री परमानंद कोरी वार्ड क्रमांक. 02 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक / भवन क्रं 90 का हस्तातंरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्रं. 90 वार्ड क्रमांक 02 श्रीमति सहोद्रा कोरी पति श्री परमानंद कोरी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन / प्लाट के हस्तातंरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है । म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 11/06/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री प्रियेश अग्रवाल पिता श्री सतीश अग्रवाल वार्ड क्रमांक. 02. ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक / भवन क्रं 56 का हस्तातंरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्रं. 56 वार्ड क्रमांक 02 श्री भगवानदास पिता/पति श्री मन्नू वसोर का नाम दर्ज चला आ रहा है । उक्त भवन / प्लाट के हस्तातंरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है । म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 11/06/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)